राजस्थान–सरकार

कृषि आयुक्तालय पंत कृषि भवन, जनपथ, जयपुर

क्रमांक प–5( ) आ.कृ. / एनएफएसएम– OS / फेंसिंग / 2022–23 / 1103-1308 दिनांकः- 25-5-22

1. मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद (समस्त)।
2. परियोजना निदेशक सी.ए.डी. कोटा।
3. उप निदेशक कृषि (विस्तार) जिला परिषद समस्त / उपनिदेशक कृषि इ.गा.न.प. बीकानेर।
4. सहायक निदेशक कृषि (विस्तार) समस्त / जिला विस्तार अधिकारी सी.ए.डी. एवं आई.जी.एन.पी.।

विषयः– राज्य योजना / मुख्यमंत्री कृषक साथी योजना / एन.एम.ई.ओ.–तिलहन अन्तर्गत वर्ष 2022–23 के लिए किसानों के खेतों पर कान्टेदार / चैनलिंक तारबन्दी के प्रभावी आयोजन हेतु दिशा–निर्देश एवं भौतिक लक्ष्य भिजवाने बाबत।

राजस्थान फसल सुरक्षा मिशन में नीलगाय व आवारा पशुओं द्वारा फसलों को होने वाले नुकसान को रोकने हेतु मुख्यमंत्री कृषक साथी योजना / राज्य योजना / एन.एम.ई.ओ.–तिलहन (National Mission on Edible Oil-Oilseeds) अन्तर्गत किसानों के खेतों पर कान्टेदार / चैनलिंक तारबन्दी कार्यक्रम के प्रभावी आयोजन हेतु दिशा–निर्देश व भौतिक लक्ष्य संलग्नानुसार आवंटित किये जा रहे है। जिलों को आवंटित कुल लक्ष्य में से न्यूनतम 30 प्रतिशत लघु / सीमान्त श्रेणी कृषकों को लाभान्वित किया जायेगा तथा लघु / सीमान्त श्रेणी कृषकों अनुदान राज्य योजना / मुख्यमंत्री कृषक साथी योजना से ही देय होगा।

तारबन्दी कार्यक्रम के आयोजन में दिशा–निर्देशों की कठोरता से पालना की जावे। दिशा–निर्देशों की प्रति सभी सम्बन्धित जनप्रतिनिधियों तथा विभाग के समस्त सहायक कृषि अधिकारी / कृषि पर्यवेक्षक को अपने स्तर से उपलब्ध कराने का श्रम करें। तारबंदी कार्यक्रम के ऑनलाईन आवेदन की सुविधा दिनांक 30.05.2022 से राज किसान साथी पोर्टल पर उपलब्ध रहेगी।

संलग्नः–1. दिशा–निर्देश व भौतिक लक्ष्य

(काना राम)
आयुक्त, कृषि

क्रमांक प–5( ) आ.कृ. / एनएफएसएम– OS / फेंसिंग / 2022–23 / 1103-1308 दिनांकः- 25-5-22

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

1. विशिष्ठ सहायक, माननीय कृषि मंत्री महोदय, राजस्थान, जयपुर।
2. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, कृषि एवं उद्यानिकी एवं पंचायती राज (कृषि) शासन सचिवालय, राज0 जयपुर।
3. निजी सचिव, आयुक्त, कृषि एवं पंचायती राज (कृषि) राज0, जयपुर।
4. जिला कलेक्टर एवं अध्यक्ष, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन. (समस्त)............।
5. संयुक्त शासन सचिव, कृषि (ग्रुप–1) विभाग, शासन सचिवालय, राज0 जयपुर।
6. अतिरिक्त निदेशक कृषि, विस्तार / आदान / अनु0, मुख्यालय, जयपुर।
7. निदेशक, समेति आत्मा, अकादमिक भवन राज्य कृषि प्रबन्ध संस्थान, दुर्गापुरा, जयपुर।
8. संयुक्त निदेशक कृषि,(योजना / पौध संरक्षण / ज.उ.प्र. / गुण नियन्त्रण / ए.टी.सी. / एम एण्ड ई / रसायन / आदान / सांख्यिकी) को एरिया नोडल आफिसर के रूप मे पर्यवेक्षण हेतु।
9. संयुक्त निदेशक कृषि (विस्तार) खण्ड जयपुर / भरतपुर / श्रीगंगानगर / जोधपुर / कोटा / उदयपुर / भीलवाडा / सीकर / जालौर / बीकानेर।
10. उप निदेशक कृषि, (विस्तार / अभियांत्रिकी / रसायन / सूचना), मुख्यालय, जयपुर।
11. उप निदेशक कृषि, (विस्तार) प्रभारी राज किसान साथी पोर्टल मुख्यालय, जयपुर।
12. एसीपी मुख्यालय, जयपुर को दिशा–निर्देश विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।

(गोपाल लाल)
संयुक्त निदेशक, कृषि (आइसोपाम)

## कान्टेदार / चैनलिंक तारबन्दी के विस्तृत दिशा–निर्देश वर्ष 2022–23

राज्य में आवारा पशुओं एवं नीलगाय से फसलों में होने वाले नुकसान को कम करने के लिये तारबन्दी महत्पूर्ण एवं उपयोगी कार्य है। राजस्थान फसल सुरक्षा मिशन के तहत मुख्यमंत्री कृषक साथी योजना / राज्य योजना / National Mission on Edible Oil-Oilseeds (60 : 40) अन्तर्गत कान्टेदार / चैनलिंक तारबन्दी हेतु वर्ष 2022–23 में क्रियान्वयन के लिए दिशा निर्देश निम्नानुसार जारी किये जाते हैः–

### 1–अनुदान की पात्रता :–

1.1 इस योजना का लाभ सभी श्रेणी के कृषकों को दिया जायेगा।

1.2 व्यक्तिगत आवेदन में न्यूनतम 1.5 हैक्टेयर भूमि एक ही स्थान पर होना आवश्यक है।

1.3 एक कृषक समूह में न्यूनतम 2 कृषक व न्यूनतम 1.5 हैक्टेयर जमीन होना आवश्यक है व समूह की भूमि की सीमायें निर्धारित पेरिफेरी में हो।

1.4 व्यक्तिगत / समूह में प्रति कृषक 400 रनिंग मीटर की सीमा तक अनुदान देय होगा एवं खेत की पेरिफेरी की लम्बाई 400 मीटर से अधिक होने पर शेष दूरी में कृषक / कृषक समूह द्वारा स्वंय के स्तर पर तारबंदी की जायेगी तथा आवश्यक क्षेत्र में सर्म्पूण रूप से तारबंदी किया जाना सुनिश्चित करने के उपरान्त ही अनुदान राशि कृषक को उपलब्ध करवाई जायेगी।

1.5 अधिक से अधिक कृषकों को लाभान्वित करने के मध्यनजर खेतों की वस्तुस्थिति के आधार पर सही प्रकार से (Shortest Possible Pereferi) पेरिफेरी का निर्धारण प्री वैरिफिकेशन के समय सहायक कृषि अधिकारी / कृषि पर्यवेक्षक द्वारा किया जावेगा।

1.6 कृषक द्वारा तारबन्दी करते समय खेत की वस्तुस्थिति के आधार पर सही प्रकार से ले–आउट बनाकर अत्यावश्यक साइड में प्राथमिकता के आधार पर तारबन्दी करवायी जावे। किसी कृषक द्वारा खेत की उस साइड में जिस साइड में पूर्व में किसी दूसरे कृषक द्वारा विभागीय अनुदान प्राप्त कर अथवा स्वयं के द्वारा तारबन्दी की गई है पर दोबारा तारबन्दी नहीं करायी जावे। पेरिफेरी के कृषकों द्वारा यह सुनिश्चित किया जायेगा की तारबन्दी का सही प्रकार से उपयोग हो रहा है।

1.7 प्रशासनिक स्वीकृति जारी करने के उपरान्त निर्धारित पेरिफेरी में यथा संभव कोई बदलाव नहीं किया जायेगा।

1.8 तारबन्दी कार्य स्वंय के संसाधनों या बैंक ऋण सहायता से, करने पर अनुदान देय होगा।

1.9 तारबन्दी कार्य फसलों की आवारा पशुओं से सुरक्षा की योजना होने के कारण किसी भी ट्रस्ट / सोसाइटी / स्कूल / कॉलेज / मंदिर / धार्मिक संस्थान आदि को इस योजनान्तर्गत लाभान्वित नहीं किया जावें।

1.10 योजना अन्तर्गत निर्मित तारबन्दी में किसी प्रकार का विद्युत करन्ट प्रवाहित नहीं किया जायेगा, ताकि जनधन / पशुधन को होने वाली हानि से बचाया जा सके।

1.11 कृषि विभाग द्वारा अनुदान दिये जाने के उपरान्त तारबन्दी का रख रखाव व मरम्मत कार्य की समस्त जिम्मेदारी स्वयं कृषक की होगी।

1.12 जिले को आवंटित लक्ष्यो मे 10–15 प्रतिशत श्रमिक कार्य **मनरेगा** के माध्यम से पूर्ण कराये जा सकते है। इस संबंध मे कृषि आयुक्तालय द्वारा जारी पत्र क्रमांक प8(5)आ.कृ. / ज.उ / नरेगा / 2014–15 / 6616–6713 दि. 22.01.2015 के अनुसार दिशा–निर्देशो का पालन किया जाकर कार्य पूर्ण कराये जावे। दिशा निर्देश कृषि विभाग की वेब साईट पर भी अपलोड है।

1.13 जिले हेतु चयनित **''सांसद आदर्श ग्राम योजना''** के तहत प्राथमिकता से कार्य कराया जावे।

1.14 संयुक्त निदेशक कृषि (वि.) खण्ड द्वारा 5 प्रतिशत, उप निदेशक कृषि (वि.) द्वारा 10 प्रतिशत, संबंधित सहायक निदेशक कृषि (वि.) द्वारा 35 प्रतिशत तथा कृषि अधिकारी द्वारा 50 प्रतिशत निरीक्षण किया जावेगा।

1.15 जिला स्तर / उप जिला स्तर पर आवेदित एवं लाभान्वित कृषकों के समस्त रिकार्ड का संधारण किया जावेगा।

## 2–अनुदान सीमाः –

**व्यक्तिगत लाभार्थी अनुदानः–**

2.1 तारबंदी हेतु व्यक्तिगत (Individual) किसान को न्यूनतम क्षेत्रफल 1.5 हैक्टेयर कृषि भूमि होने पर अधिकतम 400 रनिंग मीटर तक (परिधि हेतु) लागत का 50 प्रतिशत अथवा अधिकतम राशि रूपये 40000/– जो भी कम हो, प्रति कृषक अनुदान देय होगा। (400 रनिंग मीटर से कम होने पर Prorata basis पर अनुदान देय है।) पेरिफेरी की लम्बाई 400 मीटर से अधिक होने पर शेष दूरी में कृषक द्वारा स्वंय के स्तर पर तारबंदी की जायेगी।

2.2 व्यक्तिगत लाभार्थी कृषक **लघु/सीमान्त** श्रेणी होने पर अधिकतम 400 रनिंग मीटर तक (परिधि हेतु) लागत का 60 प्रतिशत अथवा अधिकतम राशि रूपये 48000/– जो भी कम हो, प्रति कृषक अनुदान देय होगा। (400 रनिंग मीटर से कम होने पर Prorata basis पर अनुदान देय है।) पेरिफेरी की लम्बाई 400 मीटर से अधिक होने पर शेष दूरी में कृषक द्वारा स्वंय के स्तर पर तारबंदी की जायेगी। **लघु/सीमान्त श्रेणी कृषकों को अनुदान अतिरिक्त 10 प्रतिशत अधिकतम 8000 रूपये (जो भी कम हो) राज्य योजना/मुख्यमंत्री कृषक साथी योजना से ही देय होगा।**

**समूह में अनुदानः–**

2.3 सामुदायिक आधार पर सभी श्रेणी के कृषकों हेतु पेरीफेरी के (परिधि) कृषकों के लिए दो या दो से अधिक कृषकों के एक समूह के लिए न्यूनतम 1.5 हैक्टेयर कृषि भूमि होने पर लागत का 50 प्रतिशत अथवा अधिकतम राशि रूपये 40000/– जो भी कम हो, प्रति कृषक अधिकतम 400 रनिंग मीटर प्रति कृषक अनुदान देय होगा। (400 रनिंग मीटर से कम होने पर Prorata basis पर अनुदान देय है।) पेरिफेरी की लम्बाई 400 मीटर से अधिक होने पर शेष दूरी में कृषक द्वारा स्वंय के स्तर पर तारबंदी की जायेगी।

2.4 कृषक समूह में **लघु/सीमान्त** श्रेणी के कृषक शामिल है तो अधिकतम 400 रनिंग मीटर तक (परिधि हेतु) लागत का 60 प्रतिशत अथवा अधिकतम राशि रूपये 48000/– जो भी कम हो, प्रति कृषक अनुदान देय होगा। (400 रनिंग मीटर से कम होने पर Prorata basis पर अनुदान देय है।) पेरिफेरी की लम्बाई 400 मीटर से अधिक होने पर शेष दूरी में कृषक द्वारा स्वंय के स्तर पर तारबंदी की जायेगी। लघु/सीमान्त श्रेणी कृषकों को **अतिरिक्त 10 प्रतिशत अधिकतम 8000 रूपये (जो भी कम हो)** अनुदान राज्य योजना/मुख्यमंत्री कृषक साथी योजना से ही देय होगा।

## 3–अनुदान हेतु आवश्यक दस्तावेजः–

3.1 कृषक को अनुदान हेतु जनआधार कार्ड संख्या देना अनिवार्य होगा।

3.2 आवेदन पत्र के साथ नवीनतम जमाबन्दी की नकल जो कि छः माह से अधिक पुरानी न हो/राजस्व विभाग द्वारा प्रदत्त स्वामित्व की पासबुक की प्रमाणित छाया प्रति संलग्न करनी होगी।

3.3 कृषक के स्वयं के नाम से भू–स्वामित्व नहीं होने की स्थिति में अर्थात् कृषक के पिता के जीवित होने एंव परिवार से अलग रहने अथवा मृत्यु पश्चात् नामान्तरण के अभाव में यदि आवेदक कृषक स्वयं के पक्ष में भू–स्वामित्व में नोशनल शेयर धारक का प्रमाण पत्र राजस्व/हल्का पटवारी से प्राप्त कर आवेदन के साथ प्रस्तुत करता है, तो ऐसे कृषक को भी अनुदान हेतु पात्र माना जायेगा।

3.4 लघु सीमान्त श्रेणी की जनआधार कार्ड में सिडिंग (Entry) अथवा तदानुसार आवश्यक राजस्व विभाग से जारी प्रमाण।

3.5 तारबंदी करने पर व्यय हुई राशि के बिल।

## 4–आवेदन पत्रों का प्रस्तुतीकरणः–

### 4.1 कियोस्क के माध्यम से आवेदन

4.1.1 व्यक्तिगत (Individual) कृषक/कृषक समूह में सामुहिक रूप से अथवा समूह में से एक कृषक सभी दस्तावेजों के साथ नजदीकी नागरिक सेवा केन्द्र/ई मित्र केन्द्र पर जाकर राज किसान साथी पोर्टल से आवेदन कर सकेगें।

4.1.2 कियोस्ककर्ता मूल आवेदन पत्र को ऑन–लाईन ई–प्रपत्र (e-Form) में भरेगा एवं आवश्यक दस्तावेज को स्केन कर अपलोड (scan & upload) करेगा तथा ई–प्रपत्र (e-Form) में शपथ/सहमति प्रदान करेगा।

4.1.3 कियोस्ककर्ता आवेदक को आवेदन पत्र की प्राप्ति रसीद देगा।

4.1.4 संबंधित कार्यालयों के अधिकारियों/कर्मचारियों प्राप्त आवेदन पत्रों की जांच (Scrutiny) संबंधित आवश्यक कार्यवाही करनी होगी एवं समय समय राज किसान साथी पोर्टल में अंकित प्रक्रिया अनुसार आवेदनों की वस्तु स्थिति (status) का अद्यतन (update) करना होगा।

4.1.5 इन सेवाओं से संबंधित वस्तु–स्थिति (status) एवं आदेश/प्रमाणपत्र/मंजूरी इत्यादि आवेदकों को ऑन–लाइन/एस एम एस द्वारा उपलब्ध करवायी जायेगी। जिसे आवेदकों द्वारा कियोस्क या स्वयं के माध्यम से छापकर (print-out) प्राप्त किया जा सकता है।

4.1.6 ऑफ लाईन आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जावेगें।

### 4.2 आवेदक द्वारा स्वयं ही ऑन–लाईन आवेदन

4.2.1 आवेदक ऑन–लाईन जनआधार कार्ड के द्वारा लॉगिन कर ई–प्रपत्र (e-Form) में आवेदन पत्र को भरेगा एवं आवश्यक दस्तावेज को स्केन कर अपलोड (scan & upload) करेगा तथा ई–प्रपत्र (e-Form) में शपथ/सहमति प्रदान करेगा।

4.2.2 आवेदक आवेदन पत्र ऑन–लाईन जमा किये जाने की प्राप्ति रसीद ऑन–लाईन ही प्राप्त कर सकेगा।

## 5–विभागीय मापदण्ड एवं प्रक्रिया विवरणः–

5.1 तारबंदी कार्यक्रम के जिलेवार एवं श्रेणीवार लक्ष्य संबंधित जिले के उप निदेशक कृषि विस्तार को आवंटित किये जायेंगें। संबंधित जिला अधिकारी द्वारा उक्त लक्ष्य सहायक निदेशक कृषि विस्तार को आवंटित करेंगें साथ ही आई.जी.एन.पी. क्षेत्र एवं सी.ए.डी. क्षेत्र के लक्ष्य क्रमशः उप निदेशक कृषि विस्तार आई.जी.एन.पी. बीकानेर एवं परियोजना निदेशक सी.ए.डी. कोटा को आवंटित करेंगें।

5.2 उपनिदेशक कृषि/सहायक निदेशक (विस्तार)/जिला विस्तार अधिकारी अपने कार्य क्षेत्र में राज किसान साथी पोर्टल पर आवेदन करने के लिए किसानों को प्रिन्ट/इलेक्ट्रोनिक मिडिया/प्रशिक्षण के माध्यम से जागरूक करेंगे।

5.3 पूर्व में संचालित योजना की पात्रता एवं प्रक्रिया में परिवर्तन होने से तारबंदी कार्यक्रम के ई–मित्र पोर्टल पर लंबित आवेदनों को समाप्त माना जायेगा। अतः तारबंदी के इच्छुक कृषक सभी दस्तावेजों सहित निर्धारित प्रक्रिया अनुसार आवेदन करेगें इस हेतु व्यापक स्तर पर प्रचार–प्रसार किया जायेगा।

5.4 वर्ष 2022–23 के आवेदनों का पहले आओ–पहले पाओ के आधार पर निस्तारण किया जायेगा।

5.5 लॉटरी की प्रक्रिया केवल उन्हीं जिलों में अपनाई जाएगी जिनमें लक्ष्य से डेढ़ गुना ज्यादा आवेदन प्राप्त होंगे। शेष जिलों में यथावत पहले आओ–पहले पाओ के आधार पर ही आवेदनों का निस्तारण किया जाएगा।

5.6 तारबन्दी कार्य से पूर्व व कार्य पूर्ण होने पर जियोटेगिंग कर कृषक खेत का नक्शा मय खसरा संख्या आदि भी अंकित करेंगे। इसकी समस्त जिम्मेवारी सम्बन्धित सहायक निदेशक कृषि (विस्तार) जिला परिषद/जिला विस्तार अधिकारी की होगी।

5.7 संबंधित सहायक निदेशक कृषि (विस्तार)/जिला विस्तार अधिकारी कार्यालय अनुदान हेतु पात्र, कान्टेदार/चैनलिंक तारबन्दी की ऑन–लाईन प्राप्त पत्रावलियों का राज किसान साथी पोर्टल पर निर्धारित प्रक्रिया कर कार्य कराये जाने हेतु ''प्रशासनिक स्वीकृति'' जारी करेगा।

5.8 पात्र कृषक का फिल्ड स्तरीय निरीक्षण संबंधित सहायक कृषि अधिकारी/कृषि पर्यवेक्षक द्वारा निर्धारित अवधि में पूर्ण कर पत्रावली संबंधित कार्यालय में अग्रेषित करेगा।

5.9 कार्यालय द्वारा जारी ''प्रशासनिक स्वीकृति'' के संबंध मे संबंधित कृषक को क्षेत्रीय सहायक कृषि अधिकारी/कृषि पर्यवेक्षक द्वारा हस्तगत कराया जावेगा जिससे कृषक कार्य प्रारम्भ कर सके। यहॉ यह सुनिश्चित करना आवश्यक होगा की परिधि (पेरीफेरी) के समस्त चयनित कृषकों को यथासम्भव यह दस्तावेज एक साथ उपलब्ध कराया जावे।

5.10 कृषक द्वारा कार्य पूर्ण किये जाने के उपरान्त भौतिक सत्यापन सहायक निदेशक कृषि (विस्तार)/जिला विस्तार अधिकारी/कृषि अधिकारी/सहायक कृषि अधिकारी/कृषि पर्यवेक्षक में किसी एक अधिकारी/कार्मिक द्वारा किया जावेगा। भौतिक सत्यापन के दौरान कृषक/कृषक समूह की उपस्थिति में ही किया जा सकेगा। भौतिक सत्यापन तारबंदी कार्य पूर्ण होने के 10 दिवस में करना आवश्यक होगा। ऐसा नहीं करने की स्थिति में सम्बन्धित सहायक निदेशक कृषि (विस्तार)/जिला विस्तार अधिकारी की व्यक्तिगत जिम्मेदारी होगी।

5.11 संबंधित उप निदेशक कृषि (वि0) जिला परिषद/उप निदेशक कृषि विस्तार आई.जी.एन.पी. बीकानेर एवं परियोजना निदेशक सी.ए.डी. कोटा कार्यालय नियमानुसार कान्टेदार/ चैनलिंक तारबन्दी के भुगतान हेतु वित्तीय स्वीकृति जारी करेगें। तारबन्दी के भौतिक सत्यापन उपरान्त 7 दिवस में वित्तीय स्वीकृति जारी कर कृषकों को अनुदान राशि का एक मुश्त भुगतान कृषक के बैंक A/C में सीधे स्थानान्तरित (DBT) किया जावेगा।

5.12 भौतिक सत्यापन के समय तारबन्दी कार्य विभागीय मापदण्ड के अनुरुप नही है तो इसकी सूचना आवेदनकर्ता कृषक/कृषक समूह को मय मापदण्ड के कारण सहित हस्तगत कराई जावेगी।

5.13 प्रशासनिक स्वीकृति जारी होने के उपरान्त की गई तारबंदी पर ही अनुदान देय होगा। पूर्व में की गई तारबंदी पर कोई अनुदान देय नहीं होगा।

5.14 खण्डीय संयुक्त निदेशक कृषि समय–समय पर कांटेदार/चैनलिंक तारबंदी की उपनिदेशक कृषि (विस्तार) जिला परिषद से समीक्षा कर जिले को आवंटित लक्ष्य समय पर पूर्ण करवाते हुए भुगतान की प्रक्रिया पूर्ण किया जाना सुनिश्चित करेंगें तथा प्रगति रिपोर्ट संकलित कर कृषि आयुक्तालय को भिजवाया जाना सुनिश्चित करेंगे।

5.15 कृषक द्वारा तारबन्दी कार्य पूर्ण किये जाने के उपरान्त निर्मित संरचना पर/के नजदीक लोहे के बोर्ड पर निम्नानुसार विवरण,

(अ) कृषि विभाग द्वारा राजस्थान फसल सुरक्षा मिशन अनुदान सहायता से निर्मित तारबन्दी


(ब) एन.एम.ई.ओ.–तिलहन/राज्य योजना/मुख्यमंत्री कृषक साथी योजना वर्ष 2022–23 (जो लागू हो)

(स) भौतिक सत्यापन कर्ता अधिकारी का नाम......................व दूरभाष सं.............लाभान्वित कृषक श्री ...................... पुत्र श्री .................... दूरभाष सं.......................ग्राम .................. पंचायत समिति ................. जिला ...............

(द) स्वीकृत अनुदान राशि ............ रूपये अंकित किया जाना आवश्यक है।

## तारबन्दी करने के मापदंडः–


इसमें कम से कम 150 से.मी. ऊँचाई की कांटेदार तारों की बाड़बन्दी का कार्य, मय 3.00–3.00 मीटर की दूरी पर प्रीकास्ट सीमेन्ट कंक्रीट पिलर/लोहे के एंगल भूमि में 30 X 30 X 45 सेमी, सीमेन्ट कंक्रीट 1:3:6 में स्थापित करना व पत्थर की पट्टियां बिना फाउन्डेशन के सम्मिलित है। प्रीकास्ट 2 सीमेन्ट कंक्रीट पिलर का आकार ऊपर से 10 X 10 सेमी एवं नीचे से 15 X 15 सेमी, प्रत्येक 10 वे पिलर एवं कोने के पिलर को इसी आकार के अतिरिक्त पिलर से मजबूत करना। दो पिलरों के बीच 6 लाईन में होरिजोन्टल एवं 2 डाइगोनल काले कांटेदार तारों को मजबूती से बांधना मय मिट्टी खुदाई, पानी देने आदि का पूर्ण कार्य किया जायेगा।




**चेन लिंक फेन्सिंगः** – चेन लिंक फेन्सिंग को 3.0–3.0 मीटर की दूरी पर भूमि में 30 X 30 X 45 सेमी, सीमेन्ट कंक्रीट 1 : 3 : 6 में स्थापित 50 X 50 X 6 mm लोहे के एंगल/उचित आकार के प्रीकास्ट सीमेन्ट कंक्रीट पिलर पर स्थापित करना व पत्थर की पट्टियां बिना फाउन्डेशन के सम्मिलित है। इसको स्थापित करने की डिजाइन निम्नानुसार रखी जावें।

Angle iron post- ∟ -50 mm X 50mm X 6mm

Length- 1.8 mtr. – (1.50 mtr. above ground + 0.30 mtr. embedded in ground)




**Drowing/ Design**

## Work Flow Chart

## Wire Fencing

**Wire Fencing Application Received**

↓

**Document Scrutiny Approve (7 Days)**

↓

**Pre Verification (10 Days)**

↓

**A/S Generated (5 Days)**

↓

**Wire Fencing work Completed by Farmer (60 Days)**

↓

**Post Verification (10 Days)**

↓

**F/S issue (7 Days)**

Physical Target of Barbed wire / Chainlink Fencing under NMEO-Oilseeds, State Plan and MKSY for 2022-23

| SN | District | NMEO-Oilseeds | | | | State Plan | | | | | | MKSY | | | | | | Grand Total | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | PHYSICAL TARGET ( In Metre ) | | | | PHYSICAL TARGET ( In Metre ) | | | | | | PHYSICAL TARGET ( In Metre ) | | | | | | PHYSICAL TARGET ( In Metre ) | | | | | |
| | | GEN | SC | ST | TOTAL | GEN | SC | ST | Total | SMF | Others | GEN | SC | ST | Total | SMF | Others | GEN | SC | ST | Total | SMF | Others |
| 1 | Ajmer | 17800 | 4200 | 500 | 22500 | 52200 | 12200 | 1600 | 66000 | 23100 | 42900 | 55400 | 13000 | 1700 | 70100 | 24500 | 45600 | 125400 | 29400 | 3800 | 158600 | 47600 | 111000 |
| 2 | Jaipur | 39000 | 7900 | 4000 | 50900 | 114700 | 22500 | 11800 | 149000 | 52100 | 96900 | 122200 | 23700 | 12500 | 158400 | 55400 | 103000 | 275900 | 54100 | 28300 | 358300 | 107500 | 250800 |
| 3 | Dausa | 13600 | 5700 | 6900 | 26200 | 40000 | 16600 | 20400 | 77000 | 26900 | 50100 | 38200 | 15500 | 27900 | 81600 | 28500 | 53100 | 91800 | 37800 | 55200 | 184800 | 55400 | 129400 |
| 4 | Tonk | 17400 | 5300 | 3300 | 26000 | 51000 | 15500 | 9500 | 76000 | 26600 | 49400 | 54000 | 13400 | 13800 | 81200 | 28400 | 52800 | 122400 | 34200 | 26600 | 183200 | 55000 | 128200 |
| 5 | Sikar | 18600 | 3600 | 700 | 22900 | 54700 | 10400 | 1900 | 67000 | 23400 | 43600 | 58200 | 11200 | 1900 | 71300 | 24900 | 46400 | 131500 | 25200 | 4500 | 161200 | 48300 | 112900 |
| 6 | Jhunjhunu | 24500 | 5100 | 600 | 30200 | 71900 | 14800 | 1700 | 88400 | 30900 | 57500 | 76100 | 15800 | 1700 | 93600 | 32700 | 60900 | 172500 | 35700 | 4000 | 212200 | 63600 | 148600 |
| 7 | Nagour | 26400 | 7100 | 400 | 33900 | 78200 | 21000 | 300 | 99500 | 34800 | 64700 | 87400 | 17500 | 400 | 105300 | 36800 | 68500 | 192000 | 45600 | 1100 | 238700 | 71600 | 167100 |
| 8 | Alwar | 23100 | 5500 | 2400 | 31000 | 67600 | 16100 | 7100 | 90800 | 31700 | 59100 | 70600 | 17600 | 8000 | 96200 | 33600 | 62600 | 161300 | 39200 | 17500 | 218000 | 65300 | 152700 |
| 9 | Bharatpur | 16900 | 4900 | 500 | 22300 | 49400 | 14200 | 1400 | 65000 | 22700 | 42300 | 53200 | 15100 | 1400 | 69700 | 24400 | 45300 | 119500 | 34200 | 3300 | 157000 | 47100 | 109900 |
| 10 | Dholpur | 10600 | 2900 | 700 | 14200 | 30700 | 8300 | 2000 | 41000 | 14300 | 26700 | 33700 | 8800 | 2200 | 44700 | 15600 | 29100 | 75000 | 20000 | 4900 | 99900 | 29900 | 70000 |
| 11 | S.Madhopur | 16400 | 5900 | 6100 | 28400 | 47900 | 17300 | 17800 | 83000 | 29000 | 54000 | 51700 | 16800 | 20100 | 88600 | 31000 | 57600 | 116000 | 40000 | 44000 | 200000 | 60000 | 140000 |
| 12 | Karoli | 10500 | 4800 | 4400 | 19700 | 30400 | 13900 | 12700 | 57000 | 19900 | 37100 | 23900 | 8900 | 29300 | 62100 | 21700 | 40400 | 64800 | 27600 | 46400 | 138800 | 41600 | 97200 |
| 13 | Bikaner | 18600 | 4900 | 400 | 23900 | 55000 | 14600 | 400 | 70000 | 24500 | 45500 | 57900 | 16000 | 800 | 74700 | 26100 | 48600 | 131500 | 35500 | 1600 | 168600 | 50600 | 118000 |
| 14 | Churu | 26100 | 7500 | 400 | 34000 | 76600 | 21900 | 500 | 99000 | 34600 | 64400 | 81500 | 23600 | 1400 | 106500 | 37200 | 69300 | 184200 | 53000 | 2300 | 239500 | 71800 | 167700 |
| 15 | Jaisalmer | 11000 | 2000 | 900 | 13900 | 31600 | 5900 | 2500 | 40000 | 14000 | 26000 | 36400 | 6100 | 1600 | 44100 | 15400 | 28700 | 79000 | 14000 | 5000 | 98000 | 29400 | 68600 |
| 16 | Ganganagar | 10600 | 6200 | 400 | 17200 | 31300 | 18300 | 400 | 50000 | 17500 | 32500 | 36100 | 17400 | 200 | 53700 | 18800 | 34900 | 78000 | 41900 | 1000 | 120900 | 36300 | 84600 |
| 17 | Hanumangarh | 10000 | 3800 | 400 | 14200 | 29200 | 11400 | 400 | 41000 | 14300 | 26700 | 33800 | 10800 | 200 | 44800 | 15700 | 29100 | 73000 | 26000 | 1000 | 100000 | 30000 | 70000 |
| 18 | Jodhpur | 34600 | 7000 | 1400 | 43000 | 101300 | 20700 | 4000 | 126000 | 44000 | 82000 | 107600 | 21900 | 4300 | 133800 | 46800 | 87000 | 243500 | 49600 | 9700 | 302800 | 90800 | 212000 |
| 19 | Barmer | 32300 | 7100 | 2800 | 42200 | 94200 | 20500 | 8300 | 123000 | 43000 | 80000 | 107500 | 17400 | 6900 | 131800 | 46100 | 85700 | 234000 | 45000 | 18000 | 297000 | 89100 | 207900 |
| 20 | Jalore | 17900 | 4900 | 2500 | 25300 | 52400 | 14400 | 7200 | 74000 | 25900 | 48100 | 61100 | 13100 | 4700 | 78900 | 27600 | 51300 | 131400 | 32400 | 14400 | 178200 | 53500 | 124700 |
| 21 | Pali | 21600 | 5700 | 2100 | 29400 | 70500 | 18700 | 6800 | 96000 | 33500 | 62500 | 58800 | 17000 | 5600 | 81400 | 28500 | 52900 | 150900 | 41400 | 14500 | 206800 | 62000 | 144800 |
| 22 | Sirohi | 5400 | 2000 | 2900 | 10300 | 15700 | 5800 | 8500 | 30000 | 10500 | 19500 | 16900 | 6300 | 9100 | 32300 | 11300 | 21000 | 38000 | 14100 | 20500 | 72600 | 21800 | 50800 |
| 23 | Kota | 17900 | 5300 | 2400 | 25600 | 52400 | 15500 | 7100 | 75000 | 26200 | 48800 | 57500 | 13400 | 8700 | 79600 | 27800 | 51800 | 127800 | 34200 | 18200 | 180200 | 54000 | 126200 |
| 24 | Baran | 15100 | 4600 | 5800 | 25500 | 45000 | 13500 | 16500 | 75000 | 26200 | 48800 | 49700 | 12500 | 17500 | 79700 | 27900 | 51800 | 109800 | 30600 | 39800 | 180200 | 54100 | 126100 |
| 25 | Bundi | 20600 | 6400 | 7000 | 34000 | 60400 | 18800 | 19800 | 99000 | 34600 | 64400 | 65400 | 18000 | 23200 | 106600 | 37300 | 69300 | 146400 | 43200 | 50000 | 239600 | 71900 | 167700 |
| 26 | Jhalawar | 16900 | 4200 | 3100 | 24200 | 49600 | 12200 | 9200 | 71000 | 24800 | 46200 | 52700 | 13000 | 9700 | 75400 | 26400 | 49000 | 119200 | 29400 | 22000 | 170600 | 51200 | 119400 |
| 27 | Banswara | 3800 | 900 | 15000 | 19700 | 11000 | 2900 | 43900 | 57800 | 20200 | 37600 | 11100 | 3200 | 46900 | 61200 | 21400 | 39800 | 25900 | 7000 | 105800 | 138700 | 41600 | 97100 |
| 28 | Dungarpur | 3600 | 500 | 10000 | 14100 | 10300 | 1700 | 29300 | 41300 | 14400 | 26900 | 11300 | 1500 | 30900 | 43700 | 15300 | 28400 | 25200 | 3700 | 70200 | 99100 | 29700 | 69400 |
| 29 | Udaipur | 18200 | 2500 | 20400 | 41100 | 51600 | 8400 | 60000 | 120000 | 42000 | 78000 | 58050 | 6700 | 63400 | 128150 | 44800 | 83350 | 127850 | 17600 | 143800 | 289250 | 86800 | 202450 |
| 30 | Pratapgarh | 3100 | 700 | 6700 | 10500 | 9200 | 2200 | 19300 | 30700 | 10700 | 20000 | 4450 | 7200 | 21000 | 32650 | 11400 | 21250 | 16750 | 10100 | 47000 | 73850 | 22100 | 51750 |
| 31 | Bhilwara | 31100 | 7100 | 4000 | 42200 | 90400 | 20900 | 11700 | 123000 | 43000 | 80000 | 106500 | 17000 | 8300 | 131800 | 46100 | 85700 | 228000 | 45000 | 24000 | 297000 | 89100 | 207900 |
| 32 | Chittorgarh | 11800 | 2700 | 2200 | 16700 | 34800 | 7800 | 6400 | 49000 | 17200 | 31800 | 30200 | 5100 | 16600 | 51900 | 18200 | 33700 | 76800 | 15600 | 25200 | 117600 | 35400 | 82200 |
| 33 | Rajsamand | 12200 | 2200 | 2400 | 16800 | 36200 | 6400 | 6900 | 49500 | 17500 | 32000 | 40400 | 5800 | 6300 | 52500 | 18400 | 34100 | 88800 | 14400 | 15600 | 118800 | 35900 | 82900 |
| | **TOTAL** | **577200** | **151100** | **123700** | **852000** | **1697400** | **445300** | **357300** | **2500000** | **874000** | **1626000** | **1809500** | **430300** | **408200** | **2648000** | **926000** | **1722000** | **4084100** | **1026700** | **889200** | **6000000** | **1800000** | **4200000** |